(ख) (i) ये सभी काम 31–12–1970 तक पूरे किये जाने की आशा है ।

(ii) चालू कामों की लागत 4.68 लाख रुपये है और 1969-70 में शामिल किये गये कार्यों की लागत 1.97 लाख रुपये है ।

(ग) और (घ). सवाल नहीं उठता ।

(ङ) वर्तमान नियमों के अन्तर्गत, वर्तमान व्यस्त समपारों की जगह लाइन के ऊपर/नीचे सड़क पुल बनाने के प्रस्ताव राज्य सरकार द्वारा प्रायोजित किये जाना अपेक्षित है और इन प्रस्तावों में राज्य सरकार यह बताती है कि काम की अग्रता क्या होगी और उसकी लागत में सड़क प्राधिकारी के हिस्से की रकम की व्यवस्था किस वर्ष की जा सकेगी । राजस्थान सरकार ने 1969-70 के दौरान इस काम को शामिल करने का प्रस्ताव नहीं किया है ।

गंगापुर सिटी स्टेशन का विकास

8027. श्री मीठा लाल मीना : क्या रेलवे मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) वर्ष 1969-70 में पश्चिम रेलवे में कोटा डिवीजन के गंगापुर सिटी रेलवे स्टेशन के विकास और निर्माण सम्बन्धी योजना का व्यौरा क्या है;

(ख) विभिन्न विकास निर्माण, कार्यों का व्यौरा क्या है ;

(ग) वर्ष 1969-70 में इस रेलवे स्टेशन पर रेल लाइनों के विस्तार के लिये की जाने वाली व्यवस्था का व्यौरा क्या है तथा इस पर कितना धन व्यय होगा;

(घ) क्या यह सच है कि अन्य स्टेशनों के विकास की तुलना में स्टेशन का विकास बहुत पीछे है; और

(ङ) यदि हां, तो उसके क्या कारण हैं ?

रेलवे मंत्री (डा० राम सुभग सिंह) :(क) 1969-70 के लिये रेलवे के निर्माण कार्यक्रम में कोटा मण्डल के गंगापुर सिटी स्टेशन के विकास के लिये कोई योजना शामिल नहीं की गयी है ।

(ख) सवाल नहीं उठता ।

(ग) गंगापुर सिटी स्टेशन पर रेलवे लाइन के विस्तार करने का कोई विचार नहीं है ।

(घ) जी नहीं ।

(ङ) सवाल नहीं उठता ।

सवाई माधोपुर स्टेशन का विकास

8028. श्री मीठा लाल मीना : क्या रेलवे मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) वर्ष 1969-70 में पश्चिम रेलवे में कोटा डिवीजन के सवाई माधोपुर जंकशन के विकास, निर्माण तथा सुधार के लिये प्रस्तुत की गई योजना का व्यौरा क्या है;

(ख) विभिन्न विकास कार्यों पर कितना धन व्यय होगा;

(ग) क्या इस योजना में उक्त जंकशन पर एक ऊपरी पुल बनाने की योजना भी सम्मिलित है;

(घ) यदि हां, तो उसका व्यौरा क्या है तथा उस पर कितना धन व्यय होगा; और

(ङ) यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं ?

रेलवे मंत्री (डा० राम सुभग सिंह): (क) और (ख). सवाई माधोपुर जंकशन पर सुधार के लिये 1969-70 के निर्माण कार्यक्रम में नीचे लिखे दो काम शामिल किये गये हैं ।